**सराहनीय कार्य**

**प्रेस नोट**

**मीडिया सेल जनपद गोण्डा**

**दिनांक 13.11.2023**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन मे थाना को0 देहात पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से फ्रॉड की गई धनराशि मिलने पर पींडित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, गोण्डा पुलिस को ह्रदय से दिया धन्यवाद-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में थानों पर स्थापित साइबर हेल्प-डेस्क द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु समय-समय पर जन-जागरुकता अभियान चलाकर साइबर अपराधो से बचाव हेतु जनसामान्य को जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ साइबर अपराधों की सूचना मिलने पर तत्काल थानों पर बनी साइबर हेल्पडेस्क को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया है ।

इसी के क्रम में साइबर अपराध से पीड़ित श्री ऋषिकेश मिश्रा निवासी ग्राम तुर्काडीहा पण्डरी कृपाल पो0 बड़गांव थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा ने थाना को0 देहात पर स्थापित साइबर हेल्प-डेस्क को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि साइबर फ्राँड गिरोह के सदस्यो द्वारा फर्जी काल करके पैसो का प्रलोभन देकर उनके पेटीएम के माध्यम से काफी रूपये ट्रांसफर कर लिया गया है।

उक्त सूचना पर थाना को0 देहात साइबर हेल्प डेस्क तैनात कम्पयूटर आपरेटर प्रवीण पाण्डेय व म0का0 दीपांशी मिश्रा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल गोण्डा से सम्पर्क स्थापित कर सम्बंधित बैंक के सहयोग से तत्काल कार्यवाही करते हुए फ्रॉड की गयी धनराशि रु0 10,000/- को होल्ड कराते हुए पीड़ित के रूपये 10,000 /- खाते में पैसा वापस कराया गया। फ्राड गये रकम वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा गोण्डा पुलिस को सह्रदय धन्यवाद दिया गया। जिसकी आमजनमानस में प्रशंसा की जा रही है।

**सराहनीय कार्य**
**प्रेस नोट**
**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**
**दिनांक 13.11.2023**

अवैध तमंचे के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम मे थाना को0नगर के उ0नि0 अमर सिंह द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान झंझरी ब्लॉक से पहले अभियुक्त राकेश यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0नगर में आर्म्स ऐक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-
01. राकेश यादव पुत्र उदयभान यादव थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर।

पंजीकृत अभियोग-
01. मु0अ0सं0-978/23, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

बरामदगी-
01. 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर।

गिरफ्तार कर्ता-
01. उ0नि0 अमर सिंह मय टीम।

**<u>सराहनीय कार्य</u>**
**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>मीडिया सेल जनपद गोंडा</u>**
**<u>दिनांक 13.11.2023</u>**

**<u>महिला हेल्पडेस्क थाना धानेपुर की टीम ने पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद का कराया निस्तारण-</u>**

आज दिनांक 13.11.2023 दिन सोमवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल निर्देशन में थाना धानेपुर की महिला हेल्प डेस्क पर आवेदिका समा परवीन से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र में पति-पत्नी के बीच हुए पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया। जिसको महिला हेल्प डेस्क टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी, हे0का0 अम्बरीश मिश्रा, म0का0 बबली सिंह द्वारा गंभीरता से दोनों पक्षों को सुना गया तथा सुनने के उपरान्त सम्भ्रांत व्यक्तियों के समक्ष समझाबुझा कर आपसी रजामन्दी से पति पत्नी के बीच सुलह समझौता कराया, जिससे पति-पत्नी को एक साथ हंसी-खुशी रहने को राजी कर घर रवाना किया गया।

**सराहनीय कार्य**

**प्रेस नोट**

**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**

**दिनांक 13.11.2023**

**थाना वजीरगंज क्षेत्र के अन्तर्गत फाइनेंस कंपनी के एजेंटों के साथ हुई लूट के 03 और वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट का रू0 70,000/- बरामद-**

दिनांक 06.11.2023 को थाना वजीरगंज क्षेत्र के अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई की एक फाइनेंस कंपनी के एजेंटों के साथ लूट की घटना हुई है, उक्त सूचना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना के सफल अनावरण/बरामदगी व घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना वजीरगंज पर कई टीमें लगाई गयी थी।

जिसके क्रम में दिनांक 12.11.2023 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा पतारसी- सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 00.30 बजे रात्रि में कुडनिया गणेशपुर मार्ग टिकरी जंगल के पास सड़क के किनारे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई, जिस पर बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी के द्वारा फायरिंग/मुठभेड़ में 02 बदमाशों 01. सुजल यादव उर्फ रूद्रा व 02. रामअवध यादव को पैर में गोली लगी थी तथा 02 अभियुक्त 01. राजू शर्मा व 02. राजू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों के पास से कुल रूपये 1,06,200/- लूट का, लूट की घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल तथा 2 अदद तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ था।

आज दिनांक 13.11.2023 को पुनः थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा पतारसी- सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर 03 और वांछित अभियुक्तो 01. सुजीत शर्मा 02. आकाश शर्मा 03. जयप्रकाश शर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 70,000/- बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना वजीरगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

उपरोक्त मुकदमें में अब तक कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कुल 1,86,200/- की बरामदगी की गई ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01- सुरजीत शर्मा पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम मेहिया थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

02. आकाश शर्मा पुत्र जयराम शर्मा नि0 ग्राम मेहिया थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

03. जयप्रकाश शर्मा उर्फ छोटू पुत्र जगदम्बा शर्मा नि0 चांदपुर दौलत पुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

**अनावरित अभियोग-**

01. मु0अ0स0 482/23 धारा 392, 411, 120बी, 307, 34 भादवि थाना वजीरंगज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0स0 492/2023 धारा 307 भादवि थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 70,000/- रूपये लूट की धनराशि बरामद,

**गिरफ्तारकर्ता टीम-**

01. उपनिरीक्षक अवनीश शुक्ला मय टीम थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।